एक नजर में

अपर आयुक्त टी . प्रतीक राव ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

ग्वालियर, 6 जनवरी। अपर आयुक्त टी.प्रतीक राव ने बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ बनाये रखने के निर्देश दिए। अत्यधिक सर्दी को देखते हुए अपर आयुक्त टी.प्रतीक राव ने रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सर्दी को देखते हुए सभी अधिकारी अलर्ट रहें । क्षेत्र में भ्रमण कर फुटपाथ या खुले में सोने वालों को रैन बसेरों में पहुंचायें। उन्होंने रैन बसेरों की व्यवस्था का जायजा लिया और वहां रह रहे लोगो से कुशलक्षेम पूछा तथा आश्रय स्थल में जल रहे अलाव एवं गरम कपड़ों की पर्याप्त व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही आश्रय स्थल पर कार्यरत केयर टेकरों को साफ सफाई के साथ साथ गर्म कपड़ों की पर्याप्त मात्रा स्टॉक में रखने हेतु दिशा निर्देशित किया। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्तों द्वारा रैन बसेरों का रात्रिकालीन भ्रमण किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता को मांडरे की माता स्थित आश्रय स्थल पर एक केयरटेकर गजेन्द्र राजावत अनुपस्थित मिलने पर पांच दिवस का वेतन काटा गया तथा चेतावनी दी गई। इसके साथ ही उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान केयर टेकर अभय श्रीवास्तव अनुपस्थित मिलने पर चार दिवस का वेतन काटा गया।

आश्रय स्थलों के लिए संस्था चित्रांश वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने दिए रूम हीटर

ग्वालियर, 6 जनवरी। ग्वालियर में पड़ रही कड़कड़ाके की सर्दी को देखते हुए नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरा में राहगीरों की सुविधा को देखते हुए चित्रांश वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने रूम हीटर वितरण किए गए। जिससे आश्रय स्थल में ठहरने वाले लोगों को शीत ऋतु के दौरान राहत मिल सके। नगर निगम से अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव, तहसीलदार सुरेश यादव, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, उत्तम जखैनिया, नोडल अधिकारी अंकुर तोमर, सिटी मिशन मैनेजर वेद राजपूत, दीपक झा प्रभारी आश्रम स्थल उपस्थित रहे एवं संस्था चित्रांश वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन से राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमन प्रकाश श्रीवास्तव, सचिव अनूप श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, अजय प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, हर्ष श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, कृष्णा श्रीवास्तव, सोनू श्रीवास्तव, रितिक श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव एवं समस्त चित्रांश वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन परिवार की ओर से यह कार्य संपन्न किया गया। शहर की सभी संस्थाओं एवं दानदाताओं से अपील की जाती है कि आपको लोगों की सुविधा के लिए अगर कुछ दान करना हो तो वह आश्रय स्थल में जाकर कर सकते हैं, जिससे आपके दान का सही उपयोग सभी व्यक्तियों को मिल सके।

180 नलकूपों में किया गया क्लोरिनेशन का कार्य

ग्वालियर, 6 जनवरी। नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं जिसके तहत नलकूप में क्लोरीन की मात्रा पर्याप्त करने के लिए क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 180 नलकूपों पर क्लोरिनेशन का कार्य किया गया। कार्यपालन यंत्री जल प्रदाय संजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित, निर्बाध पेयजल कराने के उद्देश से नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा अंतर्गत लगातार नलकूपों के क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज मंगलवार को लश्कर पश्चिम खण्ड – 2 के अंतर्गत 27 नग नलकूपों के क्लोरिनेशन का कार्य किया गया है। जिसमें वार्ड 50 में रायसिंह बाग कुआ, रायसिंह का बाग हनुमान मंदिर के पास, रथ खाना स्कूल के बाहर, वार्ड 52 में उर्मिला विहार, वैष्णों विहार गायत्री स्कूल, वैष्णों विहार कॉलोनी बोर नम्बर 02, प्रीतम चक्की नदरिया माता, हनुमान मंदिर चौरसिया कॉलोनी, वार्ड 53 भार्गव चक्की, कमलेश पंडित, तिलक नगर जनमित्र के सामने, सिंधी कॉलोनी तिराहा, जोसी वाली गली, कारवारी मोहल्ला, नयापुरा नाला, मल्टी के पीछे हरिजन बस्ती, लक्कड खाना चक्की के पास, मेवाती नगर वाल्स वाले के पास, गोमती की फडी जाटव मोहल्ला, मुशियाना मोहल्ला, राधिका विहार, सिंधी कॉलोनी आमजोक तिवारी के सामने, जम्बूर खाना शुक्ला के पास, नाला खजूर वाले के पास, लक्कड खाना शौचालय के पास, नयापुरा नाला एवं जोसी गली में क्लोरिनेशन का कार्य किया गया।

हाईकोर्ट में खराब बर्ताव पर एसआई और प्रधान आरक्षक निलंबित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 जनवरी. हाईकोर्ट में लापरवाही बरतने पर सब इंस्पेक्टर देशराज सिंह और प्रधान आरक्षक श्रीराम शर्मा को निलंबित कर दिया है। कोर्ट ने उनके आचरण पर नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह को तलब किया था। एसपी ने कोर्ट को यह जानकारी दी है।

नेम प्लेट के बारे में पूछा तो जैकेट की चेन खोल दी, मोबाइल देखकर बताने लगे थे रोजनामचा

दरअसल, युगल पीठ में सुनवाई के दौरान जब एसआई देशराज सिंह से उनकी नेम प्लेट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जैकेट की चेन खोलकर दिखाई। वहीं, प्रधान आरक्षक श्रीराम शर्मा से रोजनामचा के बारे में जानकारी मांगने पर उन्होंने जेब से मोबाइल फोन निकालना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों के इस आचरण पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह को तलब किया था। कोर्ट में उपस्थित हुए एसपी ने बताया कि नेम प्लेट जैकेट के बाहर होनी चाहिए। उन्होंने दोनों पुलिसकर्मियों के मिसकंडक्ट के लिए विभागीय जांच की जानकारी न्यायालय में पेश की, जिसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया।

यह मामला एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका से जुड़ा है। एक पिता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी को मोटा धानुक अपने साथ ले गया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पल्लव त्रिपाठी ने तर्क दिया कि पुरानी छावनी थाने में शिकायत के बावजूद पुलिस नाबालिग को बरामद नहीं कर पाई और न ही उसकी तलाश के लिए पर्याप्त प्रयास किए गए। इस मामले की जांच कर रहे एसआई और प्रधान आरक्षक को कोर्ट ने तलब किया था। पुलिस द्वारा की गई जांच में कई खामियां पाई गईं। इसके अलावा, न्यायालय में दोनों पुलिसकर्मियों का रवैया भी ठीक नहीं था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि पुलिस अधिकारियों को न्यायालय में कैसे उपस्थित होना चाहिए, इसका उन्हें कोई शिष्टाचार नहीं है।

आर्यमन अपोलो अस्पताल पहुंचे चेकअप के बाद दिल्ली रवाना

ग्वालियर 6 जनवरी. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र और एमपीसीए के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया आज ग्वालियर के अपोलो अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए पहुंचे। जांच के बाद वे दिल्ली रवाना हो गए। उन्हें एक दिन पहले शिवपुरी में रोड शो के दौरान सीने में चोट लगी थी।

यह घटना शिवपुरी जिले के कोलारस में हुई, जहां महानआर्यमन एक क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद, वे जनता का अभिवादन करने के लिए अपनी कार के सनरूफ पर खड़े थे। इसी दौरान अचानक कार के ब्रेक लगने से उनकी छाती सनरूफ से टकरा गई, जिससे उन्हें चोट आई।

चोट लगने के बाद वे कुछ देर के लिए कार के अंदर चले गए, लेकिन फिर से अभिवादन करने के लिए सनरूफ पर खड़े हो गए। हालांकि, पिछोर कार्यक्रम के बाद चंदेरी जाते समय उन्हें तेज दर्द महसूस हुआ। इसके बाद उन्हें शिवपुरी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उनका परीक्षण किया और मसल्स इंजरी होना बताया था।

सीटी स्कैन सहित अन्य जाचें हुई

आज शिवपुरी से ग्वालियर आने के बाद महाआर्यमन सिंधिया अपोलो अस्पताल पहुंचे। यहां उनकी सीटी स्कैन सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। अस्पताल के बाहर उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। जांच के बाद जब वे अस्पताल से बाहर निकले तो दर्द के कारण असहज दिखाई दिए। आमतौर पर वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में समर्थकों का अभिवादन करते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं कर पाए। अस्पताल में चेस्ट फिजिशियन ने जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कुछ विशेष सलाह भी दी है। उनकी चोट कितनी गहरी है और वे कब तक पूरी तरह स्वस्थ होंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करती है हॉकी : चाकणकर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 जनवरी. हॉकी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हॉकी खेलने से न केवल आपको आनंद मिलेगा, बल्कि यह हृदय संबंधी व्यायाम सीखने का भी एक अच्छा माध्यम होगा। इस खेल में लगातार दौड़ना पड़ता है, जिससे हृदय गति बढ़ती रहती है और व्यक्ति को अच्छा कार्डियोवस्कुलर व्यायाम मिलता है। इस एरोबिक गतिविधि में लगातार शामिल होने से आपका हृदय मजबूत होगा, फेफड़े अधिक सक्षम होंगे और रक्त प्रवाह भी बेहतर होगा, जिससे भविष्य में हृदय रोगों का खतरा कम हो जाएगा। यह बात जिला योग प्रभारी दिनेश चाकणकर ने 69वें राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 के क्वार्टर फाइनल प्रतियोगिता में उडीसा और विद्या भारती राजस्थान के मध्य खिलाड़ियों के परिचय के दौरान कही, श्री चाकणकर ने कहा कि हॉकी एक ऐसा खेल है जिसमें स्केटिंग, दौड़ना और तेज़ी से मुड़ना शामिल है, और इस प्रकार यह शरीर की अधिकांश बड़ी मांसपेशियों को सक्रिय करता है। परिणामस्वरूप, बच्चों में यह पैरों, कमर और ऊपरी शरीर की मांसपेशियों के विकास को बढ़ावा देता है। नियमित रूप से हॉकी खेलने से बच्चों में मांसपेशियों का आकार बढ़ता है और मांसपेशियों की कसावट में सुधार होता है, जिससे उन्हें समग्र शारीरिक शक्ति प्राप्त होती है। चाकणकर ने कहा कि ऐसे समय में जब किशोरों में मोटापा बढ़ रहा है, हॉकी खेलना बच्चों को फिट और स्वस्थ रखने के लिए अच्छा साबित हो सकता है। इस खेल में खूब पसीना आता है और उनका मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है। इसलिए, नियमित रूप से हॉकी खेलने से मोटापा और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव में मदद मिलेगी।

जिला क्रीडा अधिकारी आर.के. सिंह ने कहा हॉकी की गतिशील प्रकृति के लिए उत्कृष्ट समन्वय और लचीलेपन की आवश्यकता होती है। हॉकी के नियमित अभ्यास से बच्चों में बेहतर समन्वय और लचीलापन विकसित होता है, जिसका अर्थ है हाथ–आँख का बेहतर तालमेल, चपलता और संतुलन। अवसर पर प्राचार्य पीके दिबोलिया, अफाक हुसैन, राजीव पाठक, संतोष वर्मा, पंकज शर्मा सहित अनेक खेल प्रेमी ऊपरस्थित रहे।

अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 जनवरी. । आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त मुनीष सिंह सिकरवार, प्रदीप सिंह तोमर ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 30 बलवंत नगर निवासी लता नायक ने आवेदन देकर बताया कि सिल्वर ओक होटल के पास अवैध तरीके से मिट्टी कचरा डालकर आम रास्ते को अवरुद्ध कर दिया, आवेदिका ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 7 शिव विहार निवासी सुरेश तोमर व अन्य ने आवेदन देकर बताया कि भू–माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कॉलोनी काटी जा रही है, आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 35 शांति नगर निवासी एड. दिनेश कुमार व अन्य ने आवेदन देकर बताया कि शांति नगर नाला किनारे स्थित सरकारी शौचालय क्षतिग्रस्त है.

1857 की क्रांति के जनक शहीद मातादीन पहलवान की प्रतिमा ग्वालियर में स्थापित करने की मांग

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 जनवरी. बाल्मीक युवा विकास समिति द्वारा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वास्तविक सूत्रधार, महान क्रांतिकारी शहीद मातादीन पहलवान (बाल्मीक) की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु ग्वालियर की महापौर, सभापति एवं एम.आई.सी. सदस्यों को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से ग्वालियर के किसी प्रमुख चौराहे पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने अथवा मुख्य मार्ग का नामकरण उनके नाम पर करने की पुरजोर मांग की गई है।

समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम खरे ने बताया कि देश की स्वतंत्रता की पहली चिंगारी शहीद मातादीन पहलवान के मन में ही प्रज्वलित हुई थी। उन्होंने ही मंगल पांडे को क्रांति के लिए प्रेरित किया था। 29 नवंबर 1825 को मेरठ में जन्मे मातादीन पहलवान ब्रिटिश सेना में कार्यरत थे। स्वतंत्रता की अलख जगाने के कारण उन पर मुकदमा चला और 8 अप्रैल 1857 को उन्हें फांसी दे दी गई। वे इतिहास में सबसे पहले फांसी पर चढ़ने वाले शहीदों में से एक हैं।

बाल्मीक युवा विकास समिति ने मातादीन पहलवान की 201वीं जयंती पर प्रस्ताव पारित कर निम्नलिखित स्थानों पर प्रतिमा स्थापना का सुझाव दिया है– बहोड़ापुर चौराहा, हुजरात पुल चौराहा, छप्परवाला पुल चौराहा, मोती तबेला तिराहा, लक्ष्मण तलैया स्थित पुराने कचरा डिपो पर निर्मित पार्क।

Zint Institute का रोजगार मिशन मेला 10-11 जनवरी को

ग्वालियर। ग्वालियर के अग्रणी कौशल प्रशिक्षण संस्थान Zint Institute द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 'रोजगार मिशन मेला' का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी को किया जा रहा है। यह मेला Zint Institute परिसर, फूलबाग रेलवे फाटक के पास, साईं बाबा रोड, ग्वालियर में आयोजित होगा। रोजगार मिशन मेले में एक ही छत के नीचे आईटी एवं टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग, अकाउंट्स, एजुकेशन, बैंकिंग, सर्विस, मैन्युफैक्चरिंग, होटल, हॉस्पिटल, ऑटोमोबाइल एवं अन्य प्राइवेट सेक्टर की प्रमुख कंपनियाँ भाग लेंगी, जो योग्य उम्मीदवारों का सीधा इंटरव्यू एवं चयन करेंगी। इसका उद्देश्य युवाओं को अनेक रोजगार अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है। मेले में भाग लेना पूर्णतः निःशुल्क है, हालांकि पूर्व पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। पंजीकरण Google Form के माध्यम से किया जाएगा, जिसका लिंक संस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। यह पहल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगी।

चैंबर आफ कॉमर्स ने किया क्रिकेट कार्निवल का आयोजन



ग्वालियर 6 जनवरी. मध्य प्रदेश चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्टरीज ग्वालियर द्वारा क्रिकेट कार्निवल का आयोजन रूप सिंह स्टेडियम ग्वालियर में किया गया। जिसमें चार लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच हुआ। तानसेन चैलेंजर टीम फाइनल में उपविजेता के रूप में विजय रही तानसेन चैलेंजर टीम के कप्तान डॉ विनोद जैन ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और खेल भावना के साथ क्रिकेट खेला गया। उनकी टीम में मुकेश संगी, विपुल गुप्ता, कपिल गुप्ता, पवन खत्री, गौरव जैन, मानस गोयल, प्रंकुल जैन, विवेक सेठी, धर्मेंद्र अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अभिषेक गोयल, सनी खिलाड़ियों ने क्रिकेट मैच खेला और उपविजेता के रूप में विजयी रहे। तानसेन टीम के मेंटोर के रूप में मध्य प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्टरीज ग्वालियर के उपाध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल का मार्गदर्शन रहा।

CHANGE OF NAME

I, Service No. 4372254L, Rank HAV, **AHONGSHANGBAM SHARAT SINGH**, Son of Ahongshangbam Chaoba Singh, aged about 42 years, presently servicing at 6, Assam Regiment Have change my Son name **AHONGSHANGBAM SATISHSON SINGH** to **AHONGSHANGBAM SHATISHSION SINGH,** As par Aadhar No. 4920 0092 0744 for all future purposes vide affidavit date 02/01/2026

नाम संशोधन सूचना

यहकि, मैं **RISHABH GOYAL S/O VED PRAKASH GOYAL** निवासी वार्ड न. 45 दाल बाजार तेजेन्द्र नाथ की गली, कासिम खॉ बाडे के सामने लश्कर ग्वालियर म.प्र. का निवासी हूँ सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पासपोर्ट बना हुआ है जिसमें मेरा नाम **RISHAB GOYAL** अंकित हैं जो कि गलत हैं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम **RISHABH GOYAL** अंकित है जो कि सही है अतः सूचित करता हूँ कि उपरोक्त वर्णित दोनो नाम मुझ सूचनाकर्ता से ही संबधित होकर एक ही व्यक्ति के है। सर्वसाधारण सूचित होवे

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 38, भवन क्रं. .., स्थानः लेले साहब का बगीचा पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती लीना भारद्वाज / श्री रवि रमन भारद्वाज के नाम से नगर निगम में आई. डी. क्रं. 1003012350 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1610 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र 01012114102025 009134 दिनांक 14.10.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 19.12.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं .71/2010/58332/58524/ प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

श्रीमती किरन जादवानी / स्व. श्री अमरलाल जादवानी

श्रीमती सुनीता / श्री सुरेश

पताः लेले साहब का बगीचा , वार्ड–38

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 06-01-2026

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 44, भवन क्रं. 1106, स्थानः 1106, हनुमान नगर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती सुनील नारंग / स्व. श्री खेरातीलाल नारंग के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 100070074 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 223 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. 1308 दिनांक 04.07.2014 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 06.01.2026 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT-37926 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता

श्रीमती कलावती / स्व. श्री रामनारायण कुशवाह

पताः 1106, हनुमान नगर, वार्ड–44

विज्ञप्ति जारी दिनांकः 06-01-2026

आम सूचना

आवेदिका भारती बाई पत्नी श्री गिर्राज सिंह, निवासी-ग्राम महूरी का पुरा, तहसील गोहद, जिला भिण्ड (म.प्र.) के निर्देशानुसार आम व खास को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लॉट, क्षेत्रफल 750 वर्गफिट, सर्वे क्रमांक 192 ग्राम कीरतपुरा, वार्ड न. 17 कीरतपुरा, तहसील गोहद एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) है। उक्त प्लॉट के पूर्व में खेत बच्चू पंडित, पश्चिम में 15 फीट रोड, उत्तर में प्लॉट अनीता देवी व दक्षिण में बिक्रेता की जगह है जिसे आवेदिका ने छोटे सिंह पुत्र श्री रामबक्स सिंह से जये रजिस्टर्ड बिक्रयपत्र पंजीयन दस्तावेज क्रमांक एमपी 042852024ए11055941 व पंजीयन दिनांक 23.08.2024 के माध्यम से क्रय किया है। पूर्व बिक्रेता श्री छोटे सिंह के अतिरिक्त उक्त सर्वे क्रमांक की भूमि के एक अन्य सहस्वामी बट्टू सिंह है। आवेदिका द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सहस्वामी को बिक्रय में कोई आपत्ति नहीं थी क्योंकि पूर्व स्वामी ने अपने भाग की संपत्ति में से ही उक्त प्लॉट बिक्रय किया है। फिर भी चूंकि आवेदिका ने मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के यहां उक्त संपत्ति पर ऋण हेतु आवेदन किया है जो विचाराधीन है इसलिये यदि किसी सहस्वामी तथा / अथवा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय आदि को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम से हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के इस नोटिस के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर लिखित रूप में प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदिका का ऋण आवेदन स्वीकार योग्य पाये जाने पर मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के द्वारा उक्त संपत्ति बंधक कर उस पर आवेदिका को ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी। उसके उपरांत् की गई कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निरर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा ऋणप्रदाता पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तदनुसार सूचित हो। दिनांक 06.01.2026

प्रेषक- **गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)**

कार्या. / नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)

कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)

मो. 9301122311

संबंध विच्छेद आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार सुघर सिंह सिसौदिया पुत्र श्री तोताराम सिंह सिसौदिया, उम्र 60 वर्ष निवासी- न्यू मोहन नगर थाटीपुर ग्वालियर का पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं पुत्रवधू ज्योतिका सिकरवार का व्यवहार मेरे पक्षकार व उसके परिवारजन के साथ ठीक नहीं है, वे मेरे पक्षकार के साथ आये दिन अभद्र व्यवहार, वाद-विवाद कर गृहक्लेश करते हैं व मेरे पक्षकार व उसके परिजन का कोई सम्मान नहीं करते हैं तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। मेरे पक्षकार के पुत्र, एवं पुत्रवधू के उपरोक्त व्यवहार के कारण मेरे पक्षकार के साथ निवास करना मुश्किल हो गया है इसलिये मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र सिसौदिया एवं पुत्रवधू ज्योतिका सिकरवार से अपने समस्त रिश्ते-नाते संबंध विच्छेद कर समाप्त कर दिये हैं एवं उन्हें अपनी समस्त चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और घर से पृथक कर दिया है। पुत्र व पुत्रवधू के किसी भी कृत्य व संव्यवहार के लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे आज के बाद कोई व्यक्ति, निकाय एवं संस्था मेरे पक्षकार के पुत्र एवं पुत्रवधू से संबंध रखता है या लेनदेन करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उस व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक की होगी, मेरे पक्षकार की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उपरोक्तानुसार आमजन सूचित हो। दिनांक 06.01.2026

प्रेषक- सुघर सिंह सिसौदिया पुत्र श्री तोताराम सिंह सिसौदिया, उम्र 60 वर्ष

निवासी- न्यू मोहन नगर थाटीपुर, ग्वालियर

द्वारा अधिवक्ता- **श्याम पाठक, मयंक पाठक** (एडवोकेट्स)

मो.नं. 9584843809, 7415609612

नाम परिवर्तन सूचना

मैं SHASHI is legally weeded spouse No. 15775256H Rank HAV Name- BHANU PRATAP SINGH, Unit of 27 AD MSL REGT (AMRITSAR AIRFD) C/O 56 APO Presently Residing at Vili- AMULIPURA Post- RITHONA, Teh.- AMBAH, Distt. MORENA (M.P), Pin-476111 **सूचित करती हूं कि- मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम SASHI त्रुटिवश अंकित है। अतः मेरा सही नाम SHASHI को मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जावें। सत्यापित एफीडेविट नं.** DC 591906 & date 03.01.2026 before district court Gwalior (M.P.)

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 24, वार्ड क्रं 65,स्थान वीरपुर ग्वा0 मे स्थित है जो कि रजनी कुशवाह/कैलाश कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000166542 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 352वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602021ए1132073 दिनांक 08.02.2021 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द अजयपुर, क्षे.क्र 24 पर दिनांक 06.01.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

इमरती देवी/रमेश

पता-वीरपुर ग्वा0,मो0-8878869601

विज्ञप्ति जारी दिनांक- 06.01.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 41, भवन क्रं 346, स्थान कदम साहब का बाडा जनकगंज लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि लता सक्सेना,कौशल कुमार,निखिल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000296282 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 579 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-17112501666973 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द जीवाजीगंज क्षे.क्र 16, पर दिनांक 01.01.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38430/60633 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

गिर्राज बसंल/बालकिशन बंसल, मयंक बंसल/गिर्राज बंसल

पता-कदम साहब का बाडा जनकगंज लश्कर ग्वा0

विज्ञप्ति जारी दिनांक-06.01.2026

नवभारत समाचार पत्र

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 44,स्थान जगताप की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि सतेन्द्र सिंह/देवी सिंह,शशी सिंह/डॉ सतेन्द्र सिंह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000103560 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1977 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602020ए1271060 दिनांक 10.06.2020 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19 पर दिनांक 06.01.2026 को किया गया है। जिसका ऑनलाईन आवेदन कार्य क्रं PT37960 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

वीरेन्द्र जैन/गणेशी लाल जैन

पता-जगताप की गोठ ग्वा0

विज्ञप्ति जारी दिनांक- 06.01.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 44,स्थान 570,जगताप की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि प्रतीक अग्रवाल/दिनेश अग्रवाल,आयुष अग्रवाल/ दिनेश अग्रवाल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000338257 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2143 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602020ए1271042 दिनांक 10.06.2020 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19 पर दिनांक 06.01.2026 को किया गया है। जिसका ऑनलाईन आवेदन कार्य क्रं PT37971 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

वीरेन्द्र जैन/गणेशी लाल जैन

पता-जगताप की गोठ ग्वा0

विज्ञप्ति जारी दिनांक- 06.01.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 18, वार्ड क्रं 40,स्थान अशोक कॉलोनी, खासगी बाजार ग्वा0 मे स्थित है जो कि मुन्नी देवी अग्रवाल,विकाश शंकर अग्रवाल/विजय शंकर अग्रवाल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000204438 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 775 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द गोरखी पानी की टंकी, क्षे.क्र 18, पर दिनांक 01.01.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 83/2010/18439/40739 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

दीपिका अग्रवाल/सुमित शंकर अग्रवाल

पता-अशोक कॉलोनी खासगी बाजार ग्वा0

मो0-9999210068

विज्ञप्ति जारी दिनांक- 06.01.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 07 वार्ड क्रमांक 03 स्थान फोर्ट व्यू कॉलोनी, अऊखाना कला में स्थित है जो कि उर्मिला रैकवार/गोपाल रैकवार के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000223324 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 700 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर 17402025ए100629956 दिनांक 18/7/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रेनवसेरा पर दिनांक 30/12/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 64/2010/68099/68218 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 06-01-2026

आवेदक का नाम/पता

विनय मित्तल/नरेश मित्तल

पता : पुरानी तह. रोड, सबलगढ़, म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 07 वार्ड क्रमांक 03 स्थान 3852, गहोई कॉलोनी, अऊखानाकला में स्थित है जो कि कपिल कुमार गोयल/कमलेश चंद, मुन्नी देवी सिंघल/शिवचरण के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000212393 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1066 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर 17402025ए100562257 दिनांक 03/7/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रेनवसेरा पर दिनांक 30/12/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 64/2010/68100/68219 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 06-01-2026

आवेदक का नाम/पता

बसंतकुमार गर्ग/बृजमोहन गर्ग

पता : गहोई कॉलोनी, ग्वालियर, म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 34 स्थान शिन्दे की छावनी, अलीजा बाग में स्थित है जो कि संतोष सिंह/स्व. विजय सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000118314 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी21/जीआर 17402025ए101082753 दिनांक 27/11/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गॉधी मार्केट पर दिनांक 24/12/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 70/2010/ 48224/48217 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 06-01-2026

आवेदक का नाम/पता

अर्चना परिहार/ईश्वर सिंह परिहार

पता : शिन्दे की छावनी, अलीजा बाग, ग्वालियर, म.प्र.

मोंब-6266945078

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 34 स्थान जलाल खान की गोठ में स्थित है जो कि सरदार खां/स्व. वशारत खां के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000110016 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 350 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602017 ए3472917 दिनांक 17/08/2017 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गॉधी मार्केट पर दिनांक 06/01/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 70/2010/ 48272/48263 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 06-01-2026

आवेदक का नाम/पता

अयूब खान/सरदार खान

पता : जलाल खान की गोठ, ग्वालियर, म.प्र.

मोंब-9303280655

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 42 स्थान जनकगंज, खाते वाली गली में स्थित जो कि बसंत कुमार/स्व. रतनलाल शिवहरे के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000069131 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 700 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602024 ए11276769 दिनांक 25/10/2024 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गॉधी मार्केट पर दिनांक 06/01/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 70/2010/ 48271/48262 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 06-01-2026

आवेदक का नाम/पता

विशाल शिवहरे/स्व. विनोद कुमार शिवहरे

पता : जनकगंज, खाते वाली गली, ग्वालियर, म.प्र.

मोंब-7987795554